हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 18 अक्टूबर 2025

04 एक की हुई घटनास्थल पर मौत, वहीं दूसरे ने इंदौर के...



07 सोनाली ने साढ़े पांच हजार से अधिक मतों से नीलम को...





जिले में आएगा एग्रो फूड प्रोसेसिंग क्लस्टर, 500 युवाओं को मिलेगा रोजगार और किसानों को उपज का सही मूल्य

## लालूखेड़ी में एआरएफएम फूड्स का 150 करोड़ रुपए का निवेश, किसानों और युवाओं के लिए खुलेंगे समृद्धि के द्वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जिले के ग्राम लालूखेड़ी, तहसील नलखेड़ा में एआरएफएम फूड्स प्राइवेट लिमिटेड 150 करोड़ का निवेश कर नया खाद्य प्रसंस्करण प्लांट स्थापित करने जा रही है। यह निवेश जिले को एग्रो प्रोसेसिंग फूड कल्सटर के रूप में स्थापित करने में मदद करेगा। कंपनी यहां आलू चिप्स, फ्रोजन स्नैक्स और फ्रोजन वेजिटेबल्स का उत्पादन करेगी, जिससे स्थानीय किसानों, खासकर आलू उत्पादक किसानों को अपने उत्पाद का स्थिर बाजार और उचित मूल्य मिलेगा, जिससे उनकी आय में भी बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) ने इस परियोजना के लिए लालूखेड़ी में जमीन आवंटन को मंजूरी दे दी है। कंपनी का प्लांट आधुनिक तकनीक से लैस होगा और इसमें कोल्ड चेन एवं बड़े गोदाम भी तैयार किए जाएंगे, जिससे उत्पाद लंबे समय तक ताजा रहेंगे। कुल निवेश में से 125 करोड़ प्लांट और मशीनरी पर और बाकी बुनियादी सुविधाओं पर खर्च होंगे। इस परियोजना से करीब 500 युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर मिलेंगे। इसके अलावा परिवहन, पैकेजिंग, सप्लाई चेन और छोटे व्यवसायों से जुड़े अप्रत्यक्ष रोजगार भी बढ़ेंगे। महिलाओं के लिए पैकेजिंग और प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में नए अवसर खुलेंगे, जिससे लैंगिक समानता को भी बढ़ावा मिलेगा। इस तरह परियोजना स्थानीय अर्थव्यवस्था और ग्रामीण विकास दोनों को मजबूत करेगी। विशेषज्ञों का कहना है कि यह निवेश न केवल उत्पादन बढ़ाने में मदद करेगा, बल्कि निर्यात के अवसर भी पैदा करेगा। आगर मालवा औद्योगिक और ग्रामीण विकास दोनों में तेजी आएगी, बेरोजगारी घटेगी और शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में भी सकारात्मक प्रभाव दिखेगा। एआरएफएम फूड्स की यह पहल जिले के लिए समृद्धि और रोजगार का नया द्वार खोलेगी, जो किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए एक नई उम्मीद साबित होगी।

### किसानों को भी मिलेगी उपज की सही कीमत

कंपनी का वादा है कि कच्चा माल स्थानीय किसानों से ही खरीदा जाएगा। आलू और सब्जियां सीधे खेतों से प्लांट पहुंचेंगी। इससे किसानों को न केवल स्थिर बाजार मिलेगा, बल्कि उचित दाम भी मिलेंगे। अभी कई बार फसल बेचने में किसानों को मंडी के चक्कर काटने पड़ते हैं और दाम कम मिलते हैं। लेकिन कंपनी के साथ अनुबंध से उनकी आय में 20-30 प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है। इसका असर यह होगा कि किसान नई तकनीकें अपनाकर उत्पादन बढ़ाने को प्रेरित होंगे। इससे पूरे ग्रामीण इलाके की अर्थव्यवस्था चमकेगी।

### अप्रत्यक्ष रोजगार भी बढ़ेगा

यह निवेश युवाओं के लिए वरदान साबित होगा। प्रत्यक्ष रोजगार के अवसरों में उत्पादन, रखरखाव, प्रशासन और अन्य विभागों में नौकरियां मिलेंगी, लेकिन असली असर अप्रत्यक्ष रोजगार पर पड़ेगा। परिवहन कंपनियां, पैकेजिंग यूनिट्स, सप्लाई चेन से जुड़े लोग और छोटे व्यापारी भी लाभान्वित होंगे। अनुमान है कि हजारों परिवारों की आजीविका इससे जुड़ेगी। महिलाओं के लिए भी पैकेजिंग और प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में अवसर खुलेंगे।

### सरकार की नीतियों से निवेश का अनुकूल माहौल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अगुवाई में मध्यप्रदेश निवेश का हब बन रहा है। सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम से अनुमतियां जल्दी मिलती हैं, कोई लंबी प्रक्रिया नहीं। भूमि बैंक और अविकसित भूमि की आसान उपलब्धता से परियोजनाएं तेजी से शुरू होती हैं। सस्ती बिजली, सब्सिडी और अन्य योजनाओं से उत्पादन लागत घट रही है। इन नीतियों का असर साफ दिख रहा है। आगर मालवा जैसे पिछड़े इलाकों में भी बड़े निवेश आ रहे हैं। सरकार का फोकस ग्रामीण विकास पर है, जहां उद्योग और कृषि साथ चलें। विशेषज्ञ कहते हैं कि ऐसी योजनाओं से राज्य की जीडीपी बढ़ेगी और असमानता कम होगी।-

### रोजगार के नए अवसर खुलेंगे


एआरएफएम फूड्स की इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए 25 एकड़ भूमि आवंटन की जा चुकी है। कंपनी यहां 150 करोड़ का निवेश करेगी, जो आगर मालवा जिले के औद्योगिक और ग्रामीण विकास की दिशा में बड़ा कदम है। इससे स्थानीय किसानों को अपनी उपज का स्थायी बाजार मिलेगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे, जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

राजेश राठौड़, कार्यकारी निदेशक-एमपीआईडीसी उज्जैन

---

धनतेरस को लेकर सजे इलेक्ट्रोनिक्स और बर्तन बाजार

## पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व का आगाज घर-आंगन रंगोली व दीपों से होंगे रोशन









हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

पांच दिवसीय दीपावली उत्सव की शुरुआत धनतेरस से हो रही है। घर-आंगन में रंगोली सजाई जाएगी। वहीं प्रतिष्ठानों और घरों के बाहर दीप जगमगाएंगे। दीपावली के उत्साह में बाजार भी सजा नजर आ रहा है। लोग खरीदारी के लिए घरों से निकलने लगे हैं। हिंदू धर्मावलंबियों का सबसे बड़ा पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व का आगाज 18 अक्टूबर से हो रहा है। इसदिन से घर-आंगन में रंगोली और दीपों की रोशनी दिखाई देगी। पर्व मनाने की तैयारी में लोगों ने घरों पर विद्युत सज्जा कर ली है। बाजार भी जगमगा उठा है। पर्व से जुड़ी सामग्रियों की दुकानें पूरी तरह से सज चुकी हैं।

पर्व के प्रथम दिन धनतेरस पर बर्तन व सोना-चांदी खरीदना शुभ माना जाता है, लेकिन चाँदी -सोने की इन धातुओं के मूल्य में भारी मूल्य वृद्धि के चलते आमजन के रुझान इनकी खरीदी पर कम रहेगा लेकिन बर्तनों व अन्य सामग्रियों की अच्छी ग्राहकी रहेगी। इस दिन वाहनों की भी जमकर खरीदी की जाती है। दीपावली पर्व के दूसरे दिन पड़वा को किसान अपने पशु धन की पूजा करते है इसी को लेकर नगर में पशु श्रृंगार सामग्रियों की दुकाने भी सज गई है जहां पर खरीदी के लिए ग्राहकों की भीड़ देखी गई वही बर्तन दुकाने भी धनतेरस पर्व को लेकर सज गई है यहां पर ग्राहकों द्वारा अपनी आवश्यकता के बर्तनों की खरीदी की जाएगी। पर्व के इन दिनों में किराना व कपड़ा बाजारों व टू व्हीलर व फोर व्हीलर की दुकानों पर भी अच्छी ग्राहकी दिखाई दे रही है।प नगर के प्रमुख बाजारों के साथ अस्पताल चौराहे से गणपति चौराहे तक तथा शिवाजी चौराहे से मां बगलामुखी मार्ग तक भीड़ बढ़ चुकी है। बाजार में मिट्टी के दीपक और रुई की बाती जगमगाने के लिए तैयार नजर आ रही है। घरों, प्रतिष्ठानों को सजाने के लिए आर्टीफिशियल फूलों की लड़ियां और गुलदस्ते लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। इस बार लोग स्वदेशी सामान और हस्त निर्मित सजावटी सामग्रियों की खरीददारी अधिक कर रहे हैं। पांच दिनों तक यह पर्व मनाया जाएगा। आज धनतेरस पर भगवान धनवंतरी की पूजा होगी, दीपावली के दिन धन की देवी लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की जाएगी। दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा की परंपरा का उत्साह भी बना रहेगा व ग्रामीण जन अपने पशु धन का पूजन करेंगे तथा अगले दिवस भाई -बहन का त्यौहार कहलाने वाला भाई दूज का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन भाई अपनी बहन से अपने मस्तक पर मंगल तिलक लगवाकर उन्हें उपहार प्रदान करेंगे।



### धनतेरस के लिए सजा बाजार

धनतेरस पर वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स, आभूषण, बर्तन आदि की खरीदी शुभ मानी जाती है। इसी को लेकर अभी तक ग्राहकों को तलाश रहा बाजार सजकर तैयार हो चुका है। बाजार में धनतेरस की ग्राहकी के लिए दुकानदारों द्वारा कई नए आइटम भी मंगवाए गए हैं जो ग्राहकों लुभा सकते है। पांच दिवसीय पर्व की शुरुआत धनतेरस से ही महिलाओं व बालिकाओं द्वारा घर आंगन में आकर्षक रांगोली बनाकर घर को सजाया जाएगा। वहीं मंदिरों व धार्मिक स्थलों पर भी आकर्षक रांगोलियां बनाई जाएंगी।

---

बाजारों में लौटी रौनक, लोगों ने जमकर की खरीदारी

## पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व शुरू





हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़



पांच दिवसीय दीपावली का पर्व की शुरुआत से बाजारों से खोई रौनक फिर लौट आई और बाजारों में ग्रामीणों की भीड़ देखने को मिली। दीपावली पर्व को लेकर लोगों ने जमकर की खरीदारी की। पुष्प नक्षत्र से दीपावली उत्सव की शुरुआत हो जाती है और बाजार में रौनक बनी रहती है जिसकी झलक शुक्रवार से ही बाजार में दिखी गई।

दीपोत्सव पर्व को लेकर शुक्रवार साप्ताहिक हाट बाजार में लोगों ने जमकर खरीदारी की, बाजार में सुबह से दुकानदारों ने अपनी अपनी दुकान को सुंदर सजा कर ग्राहकों के लिए तैयार कर लिया गया था और हाट बाजार के दुकानदारों को भी नगर वासियों ने निराश नहीं किया ग्रामीणों ने साज सज्जा से लेकर पशु श्रृंगार, कलर, किराना आदि सामग्री की जमकर खरीदारी की बाजार में पूरे दिन भीड़ लगी रही।शाम ढलते-ढलते करोड़ों का कारोबार होना सामने आ गया। बर्तन बाजार, इलेक्ट्रॉनिक, मोबाइल शॉप, आभूषण, कपड़ा बाजार से लेकर दीपावली पर्व से जुड़ी हर सामग्री की जमकर खरीदारी हुई। वहीं बाजार में मिट्टी के दीपक, कलश आदि सामग्री की लोगों ने खरीदारी की।

### दीपावली पर्व को लेकर मंडी में आज से 6 दिन तक नीलामी कार्य रहेगा बंद




**नलखेड़ा।** स्थानीय कृषि उपज मंडी में शनिवार से 23 अक्टूबर तक मंडी में अवकाश रहेगा। उक्त जानकारी देते हुए कृषि उपज मंडी समिति सचिव ने बताया कि धनतेरस से 23 अक्टूबर भाईदूज तक मंडी में नीलामी कार्य बंद रहेगा। 24 अक्टूबर को दीपावली मुहूर्त तथा भावांतर भुगतान योजना का शुभारंभ किया जाने से मंडी का नीलामी कार्य चालू रहेगा। 25 अक्टूबर को शनिवार साप्ताहिक अवकाश तथा 26 अक्टूबर रविवार को चतुर्थ शनिवार बैंक का अवकाश होने से मंडी प्रांगण में नीलामी कार्य बंद रहेगा। इस दौरान कृषक असुविधा से बचने के लिए मंडी में अपनी ऊपज लेकर नहीं आएं। बावजूद अवकाश अवधि में यदि कृषक अपनी उपज विक्रय करना चाहते हैं तो अपनी कृषि उपज को मंडी अनुज्ञप्तिधारी व्यापारी को फार्म गेट एवं सौदा पत्रक के माध्यम से विक्रय कर नगद अथवा ऑनलाइन भुगतान उसी दिन प्राप्त करें।

---



## पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल धरोला में हुई रंगोली व दीपक सजाओ स्पर्धा

**नलखेड़ा।** शुक्रवार को विकासखंड के ग्राम धरोला में पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल में दीपावली पर्व के अवसर पर रंगोली व दीपक सजाओ प्रतियोगिता हुई। जिसमें छात्र छात्राओं द्वारा बढ चढकर हिस्सा लिया गया। रंगोली प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्त भारत पुस्तकें हमारी मित्र जय जवान जय किसान जय विज्ञान स्वस्थ भारत सबल भारत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ स्वस्थ नारी सुखी परिवार एक भारत श्रेष्ठ भारत स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ आदि थीम पर रंगोलियां बनाई। इसके साथ ही दीपक सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें छात्र छात्राओं द्वारा आकर्षक रूप से दीपक सजाए गए।



---

भाजपा कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी आमजन तक पहुंचाएं

## आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी का सुसनेर विधानसभा स्तरीय सम्मेलन स्थानीय मां बगलामुखी मंदिर के समीप भंडारा परिसर में सम्पन्न हुआ।

गुरुवार को पीताम्बरा सेवा समिति के भंडारा परिसर में भाजपा के आत्मनिर्भर भारत संकल्प योजना के अंतर्गत आयोजित विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बहादुर सिंह चौहान मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प के अनुसार वर्ष 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में खड़ा होगा। इसी उद्देश्य से 1 से 25 दिसंबर तक भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर संपर्क अभियान चलाएंगे और जनता तक सरकार की योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी पहुंचाएंगे। चौहान ने किसानों को कपास की खेती बढ़ाने की दिशा में प्रेरित करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री 19 अक्टूबर को किसानों के खातों में मुआवजा राशि डालेंगे। इसमें मुआवजा, भावन्तर लाभ और आगामी वर्ष में बीमा राशि का लाभ भी शामिल है।




कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय पूर्व विधायक बद्रीलाल सोनी, फूलचंद वेदिया, राणा विक्रम सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप सकलेचा, अशोक लोढ़ा, पूर्व जिलाध्यक्ष चिंतामन राठौर, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रवेश गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह चंद्रावत, जिला मंत्री पवन वेदिया, केशरबाई चौहान, पूर्व जिला मंत्री मुकेश लोढ़ा, विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

छप्पन भोग लगाकर बांटेंगे प्रसादी

## बाबा रामदेव धाम टिकोन में पडवां पर होगा अन्नकूट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



ग्राम टिकोन में स्थित बाबा रामदेव धाम के प्रसिद्ध स्थान पर दीपावली पर्व के बाद 22 अक्टूबर को पड़वा के दिन अन्नकूट का कार्यक्रम आयोजित होगा। इस दिन रामदेव प्रतिमा के समक्ष छप्पन भोग लगाया जाएगा। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर की आकर्षक साज सज्जा की जा रही है। रामदेव धाम के गुरूजी शिवनारायणजी पाटीदार इस दिन भक्तों के दुःख कष्टों का निवारण कर दीप पर्व पर सभी को मंगलमय आशीर्वाद प्रदान करेंगे तथा इस अवसर पर महाआरती का कार्यक्रम होगा। इसके बाद वार्षिक भविष्यवाणी की जाएगी। तथा दोपहर 12 से 3 बजे तक अन्नकूट (महाप्रसादी) का कार्यक्रम प्रारंभ होगा। अन्नकूट के इस आयोजन में बाबारी भक्त बड़ी संख्या में भाग लेंगे। इस अवसर पर बाबा के दरबार में छप्पन भोग लगाकर अन्नकूट का कार्यक्रम होगा। इस वर्ष तिथि की घट-बढ़ होने से दीपावली पर्व दो दिनों तक मनाया जाएगा। कई परिवारों में 20 अक्टूबर रात्रि को दीपावली का पूजन होगा तो कई परिवारों में 21 अक्टूबर को दीपावली पर्व मनाया जाएगा। इसी के चलते टिकोन में आयोजित अन्नकूट का कार्यक्रम 22 अक्टूबर को रखा गया है।



रामदेव धाम टिकोन पर गुरूजी द्वारा वर्षभर की भविष्यवाणी करते हुए भक्तों को बताया जावेगा कि आगामी नव वर्ष में बारिश तथा फसलों की क्या स्थिती रहेंगी। वहीं चांदी, सोने, अनाज सहित अन्य वस्तुओं के भाव तथा प्राकृतिक आपदा व बीमारी आदि के बारे में भविष्यवाणी की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### श्री खेड़ापति मारूती मंदिर पर भंडारा 26 को होगा आयोजित

**देवास।** श्री खेड़ापति रामायण मण्डल द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विशाल भण्डारे का आयोजन होने जा रहा है। मण्डल के हरिनारायण विजयवर्गीय ने बताया कि श्री गणेशोत्सव, माँ शारदीय नवरात्रि महापर्व एवं ऐतिहासिक विसर्जन चल समारोह के सफलत रूप से सम्पन्न होने के उपलक्ष्य में श्री खेड़ापति मारूति मंदिर प्रांगण में 26 अक्टूबर, रविवार को दोपहर 12.30 बजे से विशाल भण्डारा आरती के पश्चात प्रारंभ होगा, जो प्रभु इच्छा तक चलेगा।

मण्डल के गणेश विजयवर्गीय, प्रहलाद अग्रवाल, कल्याण भूतडा आदि ने समस्त श्रद्धालु भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रसादी ग्रहण करने की अपील की ।

### कुबेर देवता की महाआरती कर किया जाएगा पंचामृत अभिषेक

देवास। मां चामुंडा सेवा समिति व बीएनपी सेवा समिति द्वारा धनतेरस पर बैंक नॉट प्रेस परिसर स्थित कुबेर देवता की सुबह 9:15 बजे व सर्वोच्च शक्ति मां तुलजा भवानी, मां चामुंडा के दरबार में स्थित कुबेर देवता की शाम 4 बजे 108 दीपकों से महाआरती कर पंचामृत अभिषेक के साथ पूजा-अर्चना की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैंक प्रेस के मुख्य महाप्रबंधक केदारनाथ महापात्रा, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीनियर कमांडेंट, अपर महाप्रबंधक, शिवपाल सिंह, उप महाप्रबंधक अभिराजसिंह ठाकुर, जेजीएम गणेश कुमार, विवेक सिंह, सुनील दुपारे, अनिल कुमार, प्रशांत महाजन के आतिथ्य में प्रेस के समस्त अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा संपन्न होगी। बीएनपी सेवा समिति के संरक्षक रामेश्वर जलोदिया ने बताया कि बैंक नोट प्रेस के समस्त विभागों में महालक्ष्मी का पूजन किया जाएगा।
बीएनपी सेवा समिति के रामेश्वर जलोदिया, नरेंद्र मिश्रा, अभिषेक अवस्थी, रमेश विश्वकर्मा, उम्मेद सिंह राठौड़, दिनेश सांवलिया, सुशील शिंदे ने सभी पदाधिकारियों से कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है। आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही है।

### औद्योगिक थाना क्षेत्र अंतर्गत शिप्रा क्षेत्र के गांव सुनवानी महाकाल में गंभीर घायल अवस्था में मिले दो युवक

# एक की हुई घटनास्थल पर मौत, वहीं दूसरे ने इंदौर के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान तोड़ा दम, जांच में जुटी पुलिस





### स्टेटस पर लिखा- ओम शांति और The End, कुछ देर बाद मिली एक की लाश, दूसरे की अस्पताल में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

औद्योगिक थाना क्षेत्र अंतर्गत शिप्रा क्षेत्र के गांव सुनवानी महाकाल में गुरुवार देर शाम को उस समय सनसनी फैल गई जब दो युवक शिप्रा श्मशान के पास गंभीर हालत में मिले। बाद में इनमें से एक की मौत हो गई। इंदौर में उपचार के दौरान दूसरे युवक की भी मौत की जानकारी सामने आई।बताया जा रहा है कि दोनों दोस्तों ने मौत से कुछ ही देर पहले दूध डेयरी पर दूध दिया। इस दौरान अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर स्टेटस लगाए...ओम शांति और The End, इसके साथ ही साथ ही डीपी ब्लैक की थी। एडिशनल एसपी, सीएसपी और टीआई की अलग-अलग टीम हर पहलू पर बारीकी से जांच पड़ताल कर रही है।उधर गांव के कुछ लोगों ने मामले में हत्या की आशंका जताई है। मौके से कुछ जहरीला पदार्थ भी मिला है। पीएम रिपोर्ट से मौत के कारण का खुलासा





होने का उम्मीद है। घटनाक्रम की सूचना मिलते ही देवास से एएसपी जयवीरसिंह भदौरिया, सीएसपी सुमित अग्रवाल, टीआई शशिकान्त चौरसिया सहित भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा। दोनों का पोस्टमार्टम एमवाय अस्पताल में किया जाएगा।औद्योगिक थाना क्षेत्र प्रभारी शशिकांत चौरसिया ने बताया कि विवेक चौधरी और की मौत हुई है। स्वजन इनको सीधे इंदौर के अस्पताल ले गए थे। मामले में जांच की जा रही है अभी कुछ स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। बताया जा रहा है कि युवकों पर धारदार हथियार से हमला किया गया था।विवेक (19) और आशीष (18) दोनों सुनवानी महाकाल गांव के निवासी है। विवेक पढ़ाई करता था, जबकि आशीष दूध का व्यवसाय करता था।जानकारी अनुसार, दोनों गांव से शिप्रा दूध डेयरी पर दूध देने आए थे, जिसके बाद वे शिप्रा के श्मशान में गंभीर अवस्था में पाए गए। एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल से कुछ साक्ष्य बरामद किए हैं। उन्होंने कहा कि शाम के समय इन दोनों का मूवमेंट देखा गया था और श्मशान में किस परिस्थिति में पहुंचे, इसकी जांच की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों के शरीर पर चाकू से वार के निशान थे, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है।

# रैली से एड्स के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



महारानी पुष्पमाला राजे पवार शासकीय कन्या महाविद्यालय की रेड रिबन क्लब इकाई द्वारा शनिवार को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जी डी सोनी के मार्गदर्शन में गोद ग्राम सिंगावदा में 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक संचालित सघन जागरूकता अभियान के अंतर्गत व्याख्यान एवं जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अपने व्याख्यान में प्रो वर्षा जायसवाल ने एचआईवी एड्स एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से संबंधित आवश्यक जानकारी दी। डॉ क्रांतदर्शी सिंदल ने एड्स फैलने के कारण एवं रोकथाम पर विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की विद्यालय की शिक्षिका अजीता सराफ ने भी एड्स जागरूकता से संबंधित विचार व्यक्त किए। गोद ग्राम में जन जागरूकता रैली के माध्यम से ग्राम वासियों को एड्स जैसी घातक बीमारी तथा स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरूकता एवं रक्तदान के लिए जागरूकता हेतु रैली में छात्र-छात्राओं द्वारा स्लोगन एवं नारे के रूप में प्रस्तुत कर सभी को जागरूकता का संदेश दिया गया। रैली में विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं महाविद्यालय की स्वयं सेवक छात्राएं उपस्थित रही। जन जागरूकता रैली का संचालन रेड रिबन क्लब की कार्यक्रम अधिकारी डॉ क्रांतदर्शी सिंदल द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अनिल सोलंकी द्वारा की गई तथा कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### खाटू श्याम मंदिर में एकादशी महोत्सव मनाया

**देवास।** अमृत नगर स्थित खाटू श्याम मंदिर में एकादशी महोत्सव मनाया गया। खाटू श्याम बाबा का मनमोहक श्रृंगार केसर, चंदन, व रंग बिरंगे फूलो से किया गया। सुबह बाबा श्याम की मंगला आरती कर बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार किया। 56 भोग लगा कर श्याम प्रभु की भोग आरती की गई। गायक हिमांशु विजयवर्गीय व हरिओम उपाध्याय साहित खाटू श्याम महिला मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी। बाबा श्याम की पवित्र ज्योत प्रज्वलित की गई। श्याम भक्तों ने पवित्र ज्योत में आहुति देकर अपने आराध्य की आराधना की श्याम देव का आशीर्वाद लिया। बाबा की महा आरती की गई, जिसमें हजारो श्याम प्रेमी शामिल हुए व प्रसाद का वितरण किया गया।



# सेन थॉम ग्रुप ऑफ स्कूल्स में रंगारंग कार्यक्रमों के साथ छात्र-छात्राओं ने मनाया दीपावली उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सेन थॉम ग्रुप ऑफ स्कूल्स में दीपों का पर्व दीपावली बड़े उत्साह और सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाया गया।सेन थॉम एकेडमी, भोपाल रोड में आयोजित समारोह में रंगारंग प्रस्तुतियाँ आकर्षण का केंद्र रहीं।

कार्यक्रम की शुरुआत एक भावपूर्ण राम भजन से हुई, जिसने पूरे वातावरण को भक्ति और श्रद्धा से भर दिया। इसके बाद कविताएँ और नृत्य प्रस्तुतियाँ जूनियर और सीनियर विद्यार्थियों द्वारा दी गईं, जिन्होंने पूरे माहौल में उत्सव का रंग बिखेर दिया। भगवान श्रीराम के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने भावपूर्ण अभिनय से धर्म और सत्य के मार्ग का सशक्त संदेश दिया।कार्यक्रम में




एक सार्थक पहल जोड़ते हुए, प्राथमिक वर्ग के विद्यार्थियों ने एक प्रेरणादायक नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें पर्यावरण अनुकूल (इको-फ्रेंडली) दीपावली मनाने का संदेश दिया गया। बच्चों ने बताया कि पटाखों से न केवल पर्यावरण प्रदूषित होता है, बल्कि यह पक्षियों और जानवरों के लिए भी हानिकारक है।सेन थॉम पब्लिक स्कूल, बद्रीधामनगर में विद्यार्थियों ने "एक दीवाली दिलवाले" शीर्षक से एक हृदयस्पर्शी नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें बिना पटाखों वाली दीपावली मनाने और जरूरतमंदों के साथ अनुपयोगी वस्तुएँ बाँटकर खुशियाँ फैलाने का संदेश दिया।

दीपावली पर भाषण और कविता ने भी कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया। नन्हे-मुन्नों ने "राम आएंगे" थीम पर एक मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया, जिससे वातावरण में भक्ति और उल्लास का भाव फैल गया।दोनों संस्थानों में मोमबत्ती सजावट, दीपका सजानाऔरतोरण सजावट जैसी रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिन्होंने उत्सव की सुंदरता को और बढ़ाया।पूरे आयोजन ने भक्ति, सृजनशीलता और जागरूकता का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया और सभी को दीपावली के सच्चे संदेश की याद दिलाई।

# कमलापुर पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी का किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले के कमलापुर थाना अंतर्गत पुलिस ने एक ट्रैक्टर चोरी का मामला सुलझा लिया है। पुलिस ने 5 लाख रुपये का जॉन डियर ट्रैक्टर बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह घटना 15 अक्टूबर 2025 को देवास के कमलापुर थाना क्षेत्र में हुई थी।फरियादी ने कमलापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके घर के बाड़े से अज्ञात व्यक्ति ने जॉन डियर कंपनी का ट्रैक्टर चुरा लिया था। इस पर थाना कमलापुर में अपराध क्रमांक 201/2025, धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।घटना की गंभीरता को देखते हुए, देवास पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने चोरी हुए ट्रैक्टर को बरामद करने और आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सौम्या जैन के मार्गदर्शन और अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बागली सृष्टि भार्गव के निर्देशन में थाना प्रभारी कमलापुर उपेंद्र नाहर के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई।विशेष टीम ने 'ऑपरेशन त्रिनेत्रम' के तहत क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का गहन विश्लेषण किया। तकनीकी साक्ष्यों और सूचनाओं के आधार पर, पुलिस टीम ने आरोपी दिनेश कोसले (45 वर्ष, निवासी ग्राम अवलदा, थाना कमलापुर) को गिरफ्तार किया।आरोपी के कब्जे से चोरी हुआ जॉन डियर कंपनी का ट्रैक्टर, जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख रुपये है, जब्त कर लिया गया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्यवाही जारी हे।

### जरूरतमंद बच्चों के बीच पटाखे, मिठाई और कपड़ों का वितरण कर मनाया दीपोत्सव

# दीपावली से पूर्व संस्था मानस ने सेवा बस्ती में बांटी खुशियां





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

दीपावली महापर्व के आगमन पर जहां पूरा शहर रोशनी और उत्साह से जगमगा रहा है, वहीं सामाजिक संस्था मानस ने इस पर्व को प्रतिवर्षानुसार इस बार भी विशेष और प्रेरणादायी तरीके से मनाया। संस्था ने मीठा तालाब के पास स्थित सेवा बस्ती में जाकर जरूरतमंद बच्चों और परिवारों के बीच खुशियां बांटीं। संस्था अध्यक्ष हेमंत शर्मा और सचिव राजेश पटेल ने बताया कि दीपोत्सव केवल रोशनी का पर्व नहीं, बल्कि साझा खुशी और मानवीयता का प्रतीक है। इसी भावना के तहत संस्था के कार्यकर्ताओं ने बस्ती में जाकर बच्चों को पटाखे, मिठाई, चॉकलेट, बिस्किट, दीपक-तेल, धानी, कपड़े आदि सामग्री वितरित की। बच्चों के चेहरों पर खुशी की चमक देखते ही बनती थी। दीपक जलाकर जब बच्चों ने शुभ दीपावली के नारे लगाते हुए झूम उठे, जिससे माहौल मानो प्रेम और सौहार्द की ज्योति से आलोकित हो गया। संस्था के सदस्यों ने बताया कि संस्था मानस द्वारा सेवा कार्यों की यह श्रृंखला निरंतर जारी है और संस्था सभी पर्व इन्हीं के बीच जाकर मनाती है। संस्था का उद्देश्य समाज के वंचित वर्ग तक खुशियां पहुंचाना और सभी को मुख्यधारा से जोडऩा है। अंत में अध्यक्ष हेमंत शर्मा ने कहा कि सच्ची दीपावली तभी है, जब हम किसी के जीवन में प्रकाश भर सकें। इस दौरान आनंदम जिला प्रभारी डॉ. समीरा नईम, समाजसेवी मनोज श्रीवास्तव, अजय सोलंकी, संगीता सोलंकी, पार्षद धर्मेन्द्र सिंह बैस, गणेश पटेल, बाबू यादव, विजेंद्र नाहर, डॉ. जुगल किशोर राठौड़, भानु सोलंकी, महेश चौबे, रानी यादव, ज्योति कर्मा, जगदीश परिहार जगदीश सिरोलिया, विजय ठाकरे, अंबाराम पांचाल, रमेश चौधरी आयुष शर्मा, आयुष शर्मा, रमेश चौधरी आदि बडी संख्या में संस्था सदस्य, आमजन व स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### बस्तियों में मनाई जाएगी दीपावली

संस्था श्री विश्व राजा द्वारा इस वर्ष भी सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए दीपावली का पर्व बस्तियों के बच्चों के साथ मनाया जाएगा। संस्था ने आओ खुशियाँ बाँटें हम थीम के अंतर्गत विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला तय की है, जिसके अंतर्गत संस्था के पदाधिकारी और समाजसेवी स्वयंसेवक शहर की विभिन्न सेवा बस्तियों में जाकर बच्चों के साथ दीपावली मनाएँगे, मिठाई और पटाखे वितरित करेंगे तथा दीप प्रज्वलित करेंगे। कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित किया जाएगा पहला कार्यक्रम शनिवार, 18 अक्टूबर 2025 को शाम 4 बजे, तथा दूसरा रविवार, 19 अक्टूबर 2025 को शाम 4 बजे आयोजित किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष हाईकोर्ट एडवोकेट मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि संस्था श्री विश्व राजा पिछले कई वर्षों से समाज के वंचित वर्गों के बीच त्योहारों की खुशियाँ बाँटने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि दीपावली केवल घरों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उन झुग्गी-बस्तियों में भी उजाला पहुँचना चाहिए जहाँ बच्चों के चेहरों की मुस्कान ही सच्ची रोशनी है। संस्था के पदाधिकारियों ने देवास शहर के समाजसेवियों और नागरिकों से अपील की है कि वे भी अपने आस पास की बस्तियां करें और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार करें।

# शांति बाल निकेतन में हर्षोल्लास से बच्चों के साथ मनाया दीपोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भारत की संस्कृति और विविधता में एकता की भावना एवं छात्रों में सामुदायिक भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दीपावली उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संचालक राजेश गोयल एवं प्राचार्य पल्लवी जाधव के निर्देशन में शिक्षक शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन एवं सहयोग से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

जिसमें रंगोली, दीया मेकिंग, कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ चढ़ कर भाग लिया तथा राम-लक्षमण-सीता जैसे दैवीय पात्रों का अभिनय कर रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी तथा कुछ छात्रों ने संस्कृत के श्लोक, भजन एवं नृत्य के द्वारा धार्मिक कार्यक्रमों का संदेश दिया।

अंत में सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए पटाखे वितरित कर पटाखे चलाते समय सावधानी बरतने के निर्देश दिये तथा बडो के निर्देशन में ही पटाखे चलाने की हिदायत दी। विद्यार्थियों को फल एवं उपहार का वितरण किया गया। रंगोली प्रतियोगिता विजेता कामाक्षी हाटावा कक्षा 4, प्रथम दिव्या चौहान कक्षा प्रथम, द्वितीय लावण्या शर्मा, तस्मियाशेख कक्षा दूसरी। दीया मेकिंग में प्रथम अशनुर नाज प्रथम कक्षा 5 वीं रही।

### पचोर के स्टैंड कंडक्टर की शिकायत के बाद भी नहीं चेता परिवहन विभाग

# जिम्मेदारों की अनदेखी से सड़कों पर फर्राटे भर रहे कंडम वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा-सारंगपुर

राजगढ़ जिले के पचोर-सारंगपुर मार्ग सहित आसपास की मुख्य सड़कों पर पुरोहित कंपनी की करीब एक दर्जन से अधिक 20 साल पुरानी खटारा और कंडम बसें खुलेआम दौड़ रही हैं। इन बसों में अधिकांश की हालत बेहद खराब है, फिर भी इन्हें सवारियों की जान जोखिम में डालकर चलाया जा रहा है। पचोर के एक स्टैंड कंडक्टर ने इस अव्यवस्था को लेकर परिवहन विभाग में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन कार्रवाई के बजाय विभागीय चुप्पी सवाल खड़े कर रही है। पचोर निवासी विनोद बैरागी ने अपनी शिकायत में बताया कि पुरोहित कंपनी द्वारा संचालित कई बसें फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबरों के साथ सड़कों पर चल रही हैं। इन बसों पर एमपी-13 सीरीज के नंबर लिखे गए हैं, जबकि उनके चेचिस और रजिस्ट्रेशन नंबर अलग-अलग हैं। बैरागी का आरोप है कि बस मालिकों ने पुराने नंबरों में बदलाव कर इन्हें दोबारा चालू करवा लिया है, जिसमें परिवहन विभाग के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत की आशंका भी जताई जा रही है।







#### फिटनेस समाप्त होने के बाद भी सडकों पर कैसे दौड रहीं है बसें

शिकायत में जिन बस नंबरों का उल्लेख किया गया है उनमें एमपी-13-जेडएम-2296, एमपी-13-जेडएम-2303, एमपी-13-जेडएम-2309,एमपी-13-जेडएम-9546, एमपी-39र्-जेडसी-7021, एमपी-39-जेडसी-4143, एमपी-39-जेडडी-4136 और एमपी-13-जेडएम-2364 शामिल हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार इन सभी बसों के रजिस्ट्रेशन रद्द (कैंसिल) हो चुके हैं, फिर भी वे नियमित रूप से पचोर, सारंगपुर, राजगढ़ और नलखेड़ा मार्गों पर दौड़ रही हैं। युवक का कहना है कि इन बसों की फिटनेस अवधि समाप्त हो चुकी है, फिर भी इनके चेचिस नंबर और रजिस्ट्रेशन दस्तावेज आरटीओ कार्यालय में जमा नहीं किए गए हैं। इससे स्पष्ट है कि विभागीय स्तर पर गंभीर लापरवाही बरती जा रही है।

#### जिला परिवहन अधिकारी ने नहीं उठाया फोन

मामले में जिला परिवहन अधिकारी ज्ञानेंद्र वैश्य से कई बार संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि इन बसों की जांच कराई जाए तो बड़े स्तर पर गड़बड़ी उजागर हो सकती है। यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए इन खटारा बसों के परिचालन पर तत्काल रोक की मांग की जा रही है।

# आगे से किसी पार्टी का आयोजन परिसर में न हो: इंका जिलाध्यक्ष

### शांतिपूर्ण धरना दे रहे इंकाईयों को अस्पताल परिसर से किया बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



छिंदवाड़ा में जहरीले कफ सिरप से हुई मासूम बच्चों की मौत के विरोध में जिला कांग्रेस के तत्वावधान में गुरुवार को जिला अस्पताल परिसर में शांतिपूर्ण धरना प्रस्तावित था। इसके लिए इंकाजनों द्वारा अस्पताल परिसर के अंदर बाकायदा टैंट आदि भी लगवा दिए गए थे, लेकिन इस बात की सूचना प्रशासनिक अधिकारियों को लगने पर उन्होंने अस्पताल परिसर के अंदर लगे टैंट को निकलवा दिया।

हालांकि, कांग्रेसजनों द्वारा बाद में अस्पताल परिसर के बाहर बैठकर धरना देते हुए एसडीएम सुश्री निधि भारद्धाज को अपनी मांगों के संबंध में राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह ने एसडीएम सुश्री भारद्धाज से यह भी कहा कि भलेंही हमें अस्पताल परिसर में धरना देने से हमें रोका गया है लेकिन अब आगे से किसी भी दल, प्रशासनिक आयोजन या आरएसएस का कोई भी कार्यक्रम जिला अस्पताल परिसर के अंदर नहीं होना चाहिए अन्यथा कांग्रेस उसका खुलकर विरोध करेगी।

#### पद से इस्तीफा दें स्वास्थ्य मंत्री

राज्यपाल के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कांग्रेस ने मांग रखी कि छिंदवाड़ा घटना मामले में लिप्त अस्पताल के अधिकारी/कर्मचारियों पर कठोर कार्यवाही की जाए साथ ही सुनिश्चित किया जाए कि घटना की पुनरावृत्ति न हो। इसके साथ ही मृतकों के परिजनों को 50 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। इसके साथ ही उक्त गंभीर घटना सरकारी तंत्र की लापरवाही एवं विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के चलते हुई है जिसके लिए प्रदेश सरकार भी जिम्मेदार है। ऐसे में उप-मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री राजेंद्र शुक्ला को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए।

### बिना लाइसेंस पटाखा बेचने वालों पर की कार्रवाई

**हैदरगढ़।** हैदरगढ़ में बुधवार को हाट बाजार में कई पटाखा विक्रेता बिना लाइसेंस के दुकानें लगाकर खुलेआम पटाखों की बिक्री कर रहे थे। सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार राजेंद्र सेन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। जांच में लगभग 10 से 12 दुकानदार बिना लाइसेंस के पटाखे बेचते हुए पाए गए। प्रशासन ने तत्काल सख्त कार्रवाई करते हुए बिना लाइसेंस वाली सभी दुकानों को बंद कराया और संबंधित दुकानदारों को चेतावनी दी। नायब तहसीलदार ने स्पष्ट कहा कि पटाखों की बिक्री विस्फोटक अधिनियम के तहत आती है, इसलिए बिना लाइसेंस कारोबार करना अपराध है। यदि दोबारा बिना अनुमति पटाखे बेचे गए तो कानूनी कार्रवाई कर एफआईआर दर्ज की जाएगी।

### बायपास पर गड्ढा पड़ा, दुर्घटना का डर



**जीरापुर।** अल्प समय के दौरान ही जीरापुर का बायपास जो सुसनेर खिलचीपुर मुख्य सड़क मार्ग को जोड़ता है उक्त बायपास में गड्ढे पड़े तथा रोड़ से डामर उखड़कर गड्ढा नुमा हो चुका है। नेशनल हाईवे 52 का निर्माण लगभग छह सात माह पहले ही होकर आवागमन शुरू हुआ जहां बायपास में गड्ढे पड़े एवं उखड़ने लगा। खिलचीपुर से सुसनेर मुख्य सड़क मार्ग को जोड़ने वाला नगर जीरापुर के बायपास पर गड्ढे पड़ने से कभी भी कोई हादसा होने की संभावना बनी हुई।अल्प समय में गड्ढे पड़ जाने से यह तय है कि निर्माण में गुणवत्ता कि कमी की झलक नजर आ रही है।साथ ही नियमानुसार देखरेख का अभाव दिख रहा है । गुणवत्ता की कमी के कारण पहली बारिश में ही सड़क की साइड भी कमजोर होने लगी। एडवोकेट लक्ष्मीनारायण मण्डलोई ने कहा कि इस गड्ढे के कारण दुर्घटना होने का डर है गड्ढे के कारण एक प्याज से भरे वाहन से प्याज बिखर कर रोड़ पर फेल गये।'पीडब्ल्यूडी ईई नेशनल हाईवे' ''दीपक असाटी का कहना है कि में कान्ट्रेक्टर से बात करता हूं रोड़ परफार्मेंस में है यदि गड्ढे पड़े हैं तो ठेकेदार द्वारा ठीक किए जाएंगे।

### आगामी आदेश तक प्रभार

# डॉ. रजनीश शर्मा बने सिविल सर्जन, संभाल लिया चार्ज

### मेडीकल एसोसिएशन ने कलेक्टर को सौंपा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



स्वास्थ्य विभाग द्वारा गत दिवस जिला अस्पताल के सिविल सर्जन सह-अस्पताल अधीक्षक डॉ. नितिन पटेल का स्थानांतरण भोपाल किया गया था। पटेल का स्थानांतरण होने पर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. रजनीश शर्मा को आगामी आदेश तक सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक का प्रभार सौंपा है। इस संबंध में मप्र मेडीकल ऑफिसर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. आर.एस. माथुर के नेतृत्व में संगठन के जिला पदाधिकारियों ने गुरुवार दोपहर कलेक्टर को एक पत्र सौंपा। पत्र में उल्लेख है कि शासन के निर्देशानुसार किसी भी वरिष्ठ अधिकारी का ट्रांसफर होने पर उनका चार्ज सीनियरटी के आधार पर वरिष्ठता क्रम में आने वाले डॉक्टर को दिया जाए न कि किसी जूनियर को जिम्मेदारी सौंपी जाए। यदि यह चार्ज जूनियर डॉक्टर को दिया जाता है तो वरिष्ठ डॉक्टर्स में असंतोष पैदा हो सकता है एवं अस्पताल की व्यवस्थाएं सुचारू रखने में परेशानी हो सकती है। ऐसे में एसोसिएशन ने कलेक्टर से आगृह किया है कि सिविल सर्जन का चार्ज वरिष्ठता क्रम के आधार पर ही दिया जाए।

#### पूर्व में भी सिविल सर्जन बनाए जा चुके हैं शर्मा

उल्लेखनीय है कि डॉ. रजनीश शर्मा की बेहतर प्रशासनिक कार्यकुशलता को देखते हुए उन्हें पूर्व भी सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक का दायित्व सौंपा जा चुका है। उनके कार्यकाल में अस्पताल में हुई बेहतर व्यवस्थाओं की आमजनों द्वारा भी सराहना की जाती है।

# व्यापार महासंघ ने कलेक्टर से स्थाई समाधान निकालने की मांग उठाई

### अतिक्रमण से प्रभावित बाजार, शीघ्र ही कार्रवाई की जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

व्यापार महासंघ के नेतृत्व में नगर के मुख्य बाजार क्षेत्र के व्यापारियों ने कलेक्टर अंशुल गुप्ता से मुलाकात कर सड़क किनारे, फुटपाथ और ठेले पर व्यापार करने वालों के कारण उत्पन्न हो रही अव्यवस्था पर चिंता जताई। व्यापारियों ने कहा कि अतिक्रमण के चलते ग्राहकों को वाहन पार्क करने में परेशानी होती है और आए दिन झगड़े की स्थिति बनती है, जिससे स्थायी दुकानदारों का कारोबार प्रभावित हो रहा है। महासंघ अध्यक्ष मुन्ना भैया जैन ने कहा कि स्थाई दुकानदार लाखों-करोड़ों रुपए निवेश कर व्यवसाय कर रहे हैं, लेकिन फुटपाथ और सड़क किनारे व्यापार करने वालों से उनका धंधा चौपट हो रहा है। नगरपालिका अब तक इन अस्थायी व्यापारियों के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं कर पाई है, इसलिए अब स्थायी समाधान आवश्यक है।



फुटपाथ पर व्यवसाय करने वालों को स्थान देने की मांग

पूर्व अध्यक्ष देवराज अरोरा ने बताया कि पूर्व में प्रशासन ने दुकानदारों को चार फीट तक बोर्ड और तीन फीट तक सीढ़ी रखने की अनुमति दी थी, लेकिन अब सड़कें 30 फीट से घटकर महज 8 फीट रह गई हैं, जिससे आमजन और व्यापारियों दोनों को कठिनाई हो रही है। कलेक्टर से चर्चा के दौरान महासंघ उपाध्यक्ष नीरज चौरसिया ने सुझाव दिया कि ठेले और फुटपाथ पर व्यवसाय करने वालों को नियत स्थान आवंटित किए जाएं। बड़ा बाजार, तिलक चौक, बांसकुली और बड़ी बजरिया क्षेत्र के लिए खाई क्षेत्र, जबकि निकासा, माधवगंज और रेलवे स्टेशन क्षेत्र के लिए मालवीय उद्यान, बालविहार के पीछे तथा कालीदास रंगमंच के पास स्थान तय किए जाएं। रामलीला क्षेत्र के ठेलों को पिछले गेट के पास स्थान दिया जा सकता है। इसके साथ ही चाट, टिकिया, नूडल्स, ईटली, आइसक्रीम आदि के लिए माधव उद्यान के पास फूड जोन या चौपाटी निर्माण का प्रस्ताव रखा गया। इससे ट्रैफिक व्यवस्था सुधरेगी और बाजार भी सुव्यवस्थित होगा।

### आरोपी को पुलिस ने उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया

# ठगी कर मोबाइल से लगभग डेढ़ लाख की राशि काटकर था फरार

**जीरापुर।** पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के एल बंजारे के मार्गदर्शन में एसडीओपी धर्मवीर सिंह नागर के नेतृत्व तथा थाना प्रभारी रवि ठाकुर द्वारा गठित टीम जिसमें उप निरीक्षक आदित्य सोनी , प्रधान आरक्षक देवेंद्र यादव , आरक्षक आनंदी पाटीदार , एवं प्रधान आरक्षक शशांक सिंह साइबरसेल राजगढ़ ,चेतन चैहान , अंतिम सोलंकी द्वारा साइबर ठगी करने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह के आरोपी को अयोध्या उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर पचास हजार रुपए नगदी बरामद किए गए।




जानकारी के मुताबिक जगदीश पिता कंवरलाल दांगी उम्र 41 साल निवासी कानडियाखेड़ी हाल मुकाम वार्ड नंबर 15 आवास कॉलोनी जीरापुर के मोबाइल नंबर पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन लगाकर जगदीश के अकाउंट से तीन अलग-अलग किस्तों में 149772/रूपए काट लिए गए। आवेदक के आवेदन पत्र की एनसीआरबी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर जगदीश दांगी के कथनों के आधार पर अज्ञात आरोपी 639740 0 070 वास्तविक मोबाइल नंबर उपयोगकर्ता के विरुद्ध अपराध धारा 318 (4) बीएनएस 74 आईटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस टीम द्वारा साइबर अपराधों पर नियंत्रण के तहत त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी यश कनोजिया को राज्य से बाहर शहादतगंज अयोध्या फैजाबाद उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर ठगी में प्रयुक्त इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं नगदी बरामद किए गए। पुलिस ने तकनीकी जांच एवं संकलित डिजिटल साक्ष्य के आधार पर पाया की ठगी में प्रयुक्त मोबाइल नंबर ईमेल आईडी एवं बैंक खातों का संबंध यश कनौजिया से है इसी आधार पर गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

# पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम आजाद का जन्मदिवस मनाया



**जीरापुर।** शासकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान प्राचार्य डॉ. हिमांशु चास्टा की अध्यक्षता मे डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के जन्मदिवस पर राष्ट्रपति एवं शिक्षक विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की वैज्ञानिक उपलब्धियां को विस्तार से बताया एवं उनके द्वारा पोखरण परमाणु परीक्षण के अमूल्य योगदान के बारे में समझाया गया। ग्रंथपाल पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार प्रोफेसर मुकेश सेन ने बताया की कैसे वें अपने जीवन में संघर्ष से उत्कर्ष तक पहुंचें।वह एक शिक्षक से सर्वोच्च पद तक पहुंचने की यात्रा के बारे में विस्तार से बताया। इसमें राजेंद्र कुमार शर्मा, डॉ. ओ.पी. गुप्ता, डॉ जितेंद्र यादव , डॉ सुरेंद्र नाथ त्रिपाठी, डॉ महेश नरवरिया, डॉ रीना पाटीदार, डॉ कमल सिंह अहिरवार, डॉ रश्मि सोनी, कनिज अंसारी, डॉ नेहा गुप्ता. मंगल सिंह झाला, रोहित मालवीय, अनुपम आचार्य, कपिल वैष्णव, विक्रम बिलबाल महाविद्यालयीन स्टाफ एवं छात्र-छात्राए उपस्थित रहे।

# भेरू दरवाजा रोड की सड़क पर फैली दुकानें बनीं आमजन के लिए परेशानी

### थाना प्रभारी और सीएमओ ने कब्जे हटवकर दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

दीपावली त्यौहार की तैयारियों के बीच शहर के प्रमुख बाजारों में भीड़ लगातार बढ़ रही है। इसी बीच भेरू दरवाजा रोड पर दुकानदारों द्वारा सड़क पर दस फीट तक फैलाए गए सामान से यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। गुरुवार को जाम की स्थिति गंभीर होते ही नगर पालिका और पुलिस प्रशासन हरकत में आया। थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा और मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनहरे ने संयुक्त रूप से मोर्चा संभालते हुए अमले के साथ मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई की अधिकारियों ने भेरू दरवाजा रोड, तरुण चैराहा, सदर बाजार सहित आसपास के इलाकों में सड़क पर रखे अस्थाई ठेले, कपड़ों के स्टॉल, खिलौनों और दीपावली सजावट के सामान को हटवाया। उन्होंने दुकानदारों से कहा कि दीपावली के दिनों में बाजार में भारी भीड़ रहती है, ऐसे में सड़क पर कब्जा जमाने से न केवल यातायात बाधित होता है बल्कि आम नागरिकों को भी परेशानी होती है।अधिकारियों ने दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी कि यदि अब किसी ने सड़क पर सामान फैलाकर व्यापार किया तो उसके खिलाफ चालानी कार्रवाई की जाएगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनहरे ने कहा कि नगर की सड़कें जनता की सुविधा के लिए हैं, इन्हें निजी दुकानों के विस्तार का माध्यम नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने बताया कि त्योहारों के दौरान अतिक्रमण रोकने के लिए नगर पालिका का अमला लगातार निगरानी करेगा।



वहीं थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने कहा कि दीपावली तक पुलिस की विशेष टीम बाजारों में नियमित रूप से गश्त करेगी ताकि यातायात सुचारू और व्यवस्था बनी रहे। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से राहगीरों और खरीदारों ने राहत की सांस ली। कई दुकानदारों ने चेतावनी के बाद स्वयं ही सड़क से अपना सामान समेट लिया। शहरवासियों ने संयुक्त कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कदमों से बाजारों में व्यवस्था और सुरक्षा बनी रहती है।

### आत्मनिर्भर व स्वदेशी का विस स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

# 60 वर्ष में जिन्होंने कुछ नहीं किया वह हमसे मांगते रहते हैं हिसाब : विधायक मोहन शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरावर

गुरुवार को सुबह 11 बजे नगर की कृषि उपज मंडी प्रांगण में मध्य प्रदेश भाजपा संगठन के निर्देश अनुसार आत्मनिर्भर भारत व स्वदेशी का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संगठन के जिला प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि भारत देश में हास्य कवि के रूप में जाने जाने वाले राहुल गांधी उसे पप्पू की तरह है जिसने कक्षा छठी के प्रश्नों का जवाब कक्षा सातवीं की उत्तर पुस्तिका में लिख दिया था। कांग्रेसियों ने नकल में भी अक्ल नहीं लगाई इसलिए वह सत्ता से दूर हो गए। उन्होंने कहा कि सिंदूर ऑपरेशन में हमने आतंकियों को स्वदेशी शास्त्रों से मारा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्ष 2047तक देश को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प ले चुके हैं, इसलिए अब वर्तमान में हमारे देश से वस्तुओं का निर्यात ज्यादा हो रहा है और आयात कम उन्होंने कहा कि निरंतर हम वापस सोने की चिड़िया की ओर अग्रसर हो रहे हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने अपने उद्बबोधन में कहा कि घर-घर स्वदेशी का यह आंदोलन हमारे देश को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करेगा। देश पर बनी वस्तुओं का जब हम उपयोग करेंगे तो हमारी और देश की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि वर्ष 2003 के पहले ग्रामीण क्षेत्रों में सड़के नहीं थी, विद्यालय भवन नहीं थे, मूलभूत सुविधाओं की कमी थी, हमने बीते 20सालों में ग्रामीण क्षेत्रों में सड़के बनाई है विद्यालय भवन का निर्माण किया है मूलभूत सुविधाएं दी है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने देश पर 60 साल राज किया है वह हमसे हिसाब मांगते हैं। अभी कुछ दिन पहले मुआवजा राशि न मिलने पर सोशल मीडिया पर बातचीतों का सिलसिला जारी हुआ था। हमने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर किसानों की पीड़ा को समझाया है और 18 अक्टूबर को किसानों के खाते में राहत राशि को देने के लिए मुख्यमंत्री धनतेरस पर धन वर्षा ने आ रहे हैं। किसानों को अगर किसी ने दिया है तो भाजपा सरकारों ने दिया है वहीं किसानों की पीड़ा को जानती है। उन्होंने उपस्थित भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं से कहा कि आप सब सार्वजनिक चैराहा चैपाल पर भाजपा सरकार की उपलब्धियां के बारे में बात करें और संगठन को मजबूत करें। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष कैलाश सोनी ने किया आभार नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद ने माना। कार्यक्रम में विशेष रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ दिनेश मंडलोई ,देवेंद्र बना, सर्जन सिंह राजपूत, विजय सिंह रुहेला, बृजमोहन गुर्जर, रवि मीणा , पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राधेश्याम पचवारिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश दांगी, रमेश मालवीय, ज्वाला प्रसाद बुंदेला, गंगा प्रसाद चैधरी, जगदीश रूहेला, आदि भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता हजारों की संख्या में उपस्थित थे।

